त्यौहारी सीजन को देखते हुए सभी वार्डो की लाईट व्यवस्था सुदृढ़ होगी

भिलाईनगर। आज महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें एमआईसी के सदस्यो द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। प्रमुख रूप से त्यौहारी का सीजन शुरू हो रहा है। गणेश चतुर्थी से शुरू होकर इदे मिलाद, विश्वकर्मा पुजा, नवरात्रि पर्व, दशहरा, दीपावली, छठ, गांधी जयंती, गुरूधांसीदस जयंती, क्रिशमस इत्यादि सभी त्यौहारो के दिन आने वाले है। जिसमे नगर की जनता उत्साह पूर्वक सहभागी बनती है। इसको देखते हुए नगर निगम भिलाई के सभी वार्डो में लाईट व्यवस्था सुदृढ़ की जावेगी। पुराने लाईटो को ठीक किये जायेगे, नये लाईट की आवश्यकता होगी उसे लगाया जायेगा, ताकि क्षेत्र मे पर्याप्त रोशनी हो। सामुदायिक शौचालयो का रखरखाव तथा संचालन हेतु स्वच्छता श्रृंगार योजना के अंतर्गत रूचि की अभिव्यक्ति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसमें 65 एनजीओ द्वारा ने भाग लिया गया, इसमें 7 पात्र एवं 58 पात्र पाये गये, पात्र पाये गये समूहध्एन.जी.ओ.ध्फर्म की चयन की प्रक्रिया हेतु महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया। समिति ने कुछ आवश्यक संशोधन के साथ पारित किया। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, एकांश बंछोर, मन्नान गफ्फार खान, चन्द्रशेखर गंवई, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा, सहित आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।